हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 पांचवीं और आठवीं के प्रश्नपत्र में ढेरों त्रुटियां





12 सिर पर डंडा मारकर की युवक की हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार




## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार समाज का होली मिलन आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज धमतरी एवं स्वर्णकार महिला समूह द्वारा 19 मार्च बुधवार को ब्राम्हणपारा सामाजिक भवन में होली मिलन एवं सम्मान समारोह रखा गया है। अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने बताया कि होली मिलन सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, पार्षदगण कोमल सार्वा एवं कुलेश सोनी का सम्मान किया जायेगा। इसके बाद होली मिलन का कार्यक्रम होगा। श्री सोनी ने समाज के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### शीतलामाता मंदिर में अखंड जलाभिषेक 22 को

**धमतरी।** शीतलामाता मंदिर महिमासागर वार्ड में सहस्त्रधारा अखंड जलाभिषेक का आयोजन 22 मार्च को शीतला अष्टमी पर विद्वान आचार्यजनों के मार्गदर्शन में प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। 6.30 बजे माता का श्रृंगार किया जाएगा। 7 बजे हवन, पूजा एवं महाआरती की जायेगी। शीतला माता मंदिर के व्यवस्थापक व धीवर समाज ने भक्तजनों से सहस्त्रधारा अखंड जलाअभिषेक में सहभागी बनने का अनुरोध किया गया।



जान बचाने चालक एक पैर के सहारे 85 किमी तक वाहन को दौड़ाया

# बदमाशों ने छुरा मारकर मेटाडोर चालक को लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रिफाइन तेल के पीपा से भरी मेटाडोर को खड़ा कर ऊपर में सो रहे चालक पर बदमाशों ने हमला किया। छुरा मारकर उससे 4 हजार रूपए लूट लिए। पैर फ्रेक्चर हो जाने के बाद भी अपनी जान बचाने दूसरा पैर के सहारे मेटाडोर को 85 किमी दौड़ाते घायल चालक धमतरी पहुंचा।

घायल से मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव निवासी मो. सबीर अली पिता मो.हसीम उम्र 36 वर्ष स्वयं की मेटाडोर से ट्रांसपोटिंग का काम करता है। युवक दो दिन पहले अपनी मेटाडोर क्र. सीजी 27 एल 2894 में जगदलपुर से सरिया भरकर राजनांदगांव व दुर्ग गया था।





सामान ट्रांसपोटिंग का आर्डर मिलने पर चालक मेटाडोर लेकर बिलासपुर चला गया। जहां से मेटाडोर में रिफाइन तेल का पीपा भरकर उसे भिलाई व दुर्ग में खाली करने बिलासपुर से निकल गया। सोमवार की देर रात्रि चालक भिलाई से पहले कुर्सीपार पहुंच मेटाडोर को खड़ा कर डाला में भरे तेल पीपा के ऊपर सो गया। मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे 2 अज्ञात बदमाश लूट की नीयत से मेटाडोर पर चढ़ गए। जहां ऊपर में सो रहे मेटाडोर चालक से मारपीट कर धारदार छुरा से उसकी बायीं पसली के पास वार किया। इससे वह घायल हो गया। चालक से मारपीट कर उसकी जेब में रखे लगभग 4 हजार रूपए को लूट लिए। यही नहीं मेटाडोर व उसमें भरे 3 से 4 लाख के रिफाइन तेल को लूटने फोन कर अपने साथियों को बुलाने लगा। यह देख घायल चालक बचने के लिए मेटाडोर के ऊपर से छलांग लगा दी। कूदने से उसका बायां पैर फ्रेक्चर हो गया। जान बचाने चालक किसी तरह एक पैर की मदद से वाहन को खुर्सीपार से लेकर धमतरी की ओर भाग निकला। घायल एक पैर की मदद से मेटाडोर को 85 किमी दौड़ाते धमतरी पहुंचा। इसी बीच अरमरीकला में पुरषोत्तम दास से पता पूछने पर उसे लिफ्ट देकर धमतरी पहुंचाया। पुरषोत्तम ने घायल को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। घायल चालक का आईसीयू में उपचार जारी है।

### युवक ने की सहायता

गुरूर थाना के ग्राम दुपेचरा निवासी पुरूषोत्तम दास अपने दोस्त के गांव अमलीडीह गया था। वह मंगलवार की सुबह अरमरीकला में धमतरी के ग्राम करेठा जाने वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान कुर्सीपार से आ रहे घायल मेटाडोर चालक ने वाहन रोककर धमतरी जाने का रास्ता पूछा। पुरूषोत्तम मेटाडोर में सवार हो गया। पूरी घटना जानने के बाद पुरूषोत्तम ने घायल चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तेल से भरी मेटाडोर जिला अस्पताल परिसर में सुरक्षित खड़ी है।



# सोरिदवासियों को सामाजिक, मानसिक एवं स्वास्थ्य की चिंता ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वार्ड की प्रमुख दो समस्याओं के लिए नगर निगम का सालों से चक्कर लगा चुके सोरिद नगरवासियों ने अब कलेक्टर से गुहार लगाई है। मंगलवार को सोरिदवार्ड के दर्जनभर लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वार्ड अंतर्गत नेशनल हाईवे रोड में देशी-विदेशी शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। शराब दुकान के आसपास अहाता और चखना सेंटर संचालित हो रहे हैं। शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है। नशे में गाली-गलौज, लड़ाई झगड़ा तथा राह चलती महिलाओं से छींटाकशी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इससे वार्ड का माहौल गंदा हो रहा है। कालोनीवासी असुरक्षा की भावना के साथ मानसिक प्रताड़ना महसूस कर रहे हैं।



### ट्रेंचिंग ग्राउंड बना मुसीबत

सोरिद वार्ड की प्रमुख समस्याओं में ट्रेंचिंग ग्राउंड हैं। धमतरी नगर निगम ने सोरिद-बागतराई मार्ग पर कचरा संग्रहण स्थल बनाया गया है, जो सोरिद से बागतराई मार्ग के निस्तारी तालाब तथा आसपास के घरों से सटा हुआ है। सन 2019 से शहरभर के गीला-सूखा कचरा, अस्पतालों के वेस्टेज, मरे हुए जानवरों को फेंका जाता है। जिसका दायरा लगातार बढ़ रहा है। कचड़ों के सड़ने एवं निबटान विधि से ट्रेंचिंग ग्राउंड से लगे हुए बागतराई मार्ग के निवासी, काली मंदिर के पीछे कालोनीवासी, माध्यमिक शाला आने वाले विद्यार्थी एवं शिक्षक, शीतला मंदिर आने वाले श्रद्धालु, खेतों में काम करने वाले मजदूर असहनीय बदबू से परेशान हैं। इससे स्वास्थ्य के साथ मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे सोरिदवार्ड निवासी कामताप्रसाद साहू, सागर सोनी, बलराम रजक, कर्णराम चंद्राकर, अवधेश ठाकुर, नीरा साहू, बबीता, श्रीमती जानसन, खोमिन सिन्हा, इंद्रेश देवांगन, रितेश नेताम, राकेश तिवारी, मीनाक्षी सोनी ने बताया कि इन प्रमुख समस्याओं को लेकर नगरपालिक निगम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। फिर भी सालों से कोई उचित कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने सामाजिक, मानसिक एवं स्वास्थ्यगत सुरक्षा प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है।

# एक हजार से ज्यादा छात्रों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 13 मार्च से पोर्टल चालू हो गया है। लोगों को जानकारी भी दे दी गई है। अब लगातार पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन मिल रहे हैं। अब तक करीब 4 सौ आवेदन आ चुके हैं।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसी के तहत एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आरटीई एडमिशन शेड्यूल के अनुसार 1 मार्च से पोर्टल शुरू हो जाना था, लेकिन पोर्टल में समस्या के चलते काफी विलंब से पोर्टल एक्टिव हुआ। 13 मार्च को पोर्टल शुरू हुआ। पोर्टल खुलते ही अपने बच्चों को निजी स्कूलों में एडमिशन दिलाने के लिए पालकों में होड़ मची हुई है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च तक एडमिशन के लिए आवेदन लिया जाना है। पोर्टल विलंब से शुरू हुआ है, ऐसे में फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ने की उम्मीद है। पहले चरण के एडमिशन के बाद दूसरे चरण के लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




### मुफ्त की सीटों में बढ़ोतरी

आरटीई के नए नियम के अनुसार निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षा की दर्ज संख्या को आधार मानकर 25 प्रतिशत सीटों को आरटीई के तहत आरक्षित किया जाता है। इन सीटों पर छात्र छात्राओं को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। इस साल आरटीई के लिए जिलेभर के 191 स्कूलों ने पंजीयन कराया है। इन स्कूलों में 1066 सीट आरटीई के तहत रिजर्व है। उल्लेखनीय है कि पिछले शिक्षण सत्र में 1057 सीट रिक्त थी। इस साल 9 सीटें बढ़ी हैं।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**मो. 9826114710, 9993322768 9098324969**







## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब का होली मिलन आज

**धमतरी।** प्रेस क्लब धमतरी द्वारा 19 मार्च बुधवार को दोपहर 12 बजे राधाकृष्ण भवन डाकबंगला वार्ड में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रेस क्लब के महासचिव विशाल ठाकुर ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सभी पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### गायत्री परिवार की बैठक 23 मार्च को

**धमतरी।** गायत्री परिवार जिला संयुक्त समन्वय समिति की बैठक 23 मार्च को सुबह 11 बजे रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में माताजी के जन्म शताब्दी समारोह के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने गायत्री परिवार के सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### निर्माण श्रमिकों को पांच रुपए में मिलेगा गर्म पौष्टिक भोजन

■ तहसील कार्यालय के पास शुरू होगा नया केन्द्र

**धमतरी।** दूरदराज के इलाकों से काम की तलाश और काम करने पहुंचने वाले श्रमिकों को 5 रूपये में गर्म पौष्टिक भोजन मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा धमतरी शहर में तहसील कार्यालय के पास स्थित एसडीओ कृषि के पुराने कार्यालय भवन में नया केन्द्र शुरू किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इस नये केन्द्र का शुभारंभ 19 मार्च को सुबह 11 बजे किया जाएगा। शुभारंभ समारोह तहसील कार्यालय के पास गांधी मैदान में होगा। इसके साथ ही श्रमिकों के तत्काल पंजीयन के लिए काउंटर की व्यवस्था भी की जाएगी।

### हाईवा ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी मेन रोड में 19 फरवरी को शाम करीबन सवा 4 बजें आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 एलजे 2744 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 3369 में सवार वेंकटेश्वर राव को टक्कर मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बाइक से गिरी महिला, हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत मेन रोड पिण्डकसा के पास 16 मार्च को पौने 6 बजें मृतिका दुर्गूकोंदल निवासी 32 वर्षीय उषा बती मोटर सायकल से गिर गई। सिर में चोट लगने के कारण ईलाज के लिए सीएचसी बांदे लेकर गए। ईलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नशे में महिला ने खा लिया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत सीएचसी बासनवाही में ईलाज के दौरापन साईमुण्डा निवासी 32 वर्षीय पार्वती नेताम की मौत हो गई। साईमुण्डा निवासी 33 वर्षीय आदेश्वर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका शराब के नशे में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया।

## निधन

### इंदरचंद सेठिया



**धमतरी।** धमतरी निवासी इंदरचंद सेठिया का 18 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 मार्च को दोपहर 3 बजे सदर बाजार धमतरी स्थित निवास स्थान से निकलेगी। वे भंवरलाल, महेश कुमार सेठिया के भाई एवं रजत सेठिया के पिता थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### नपं नगरी में पीआईसी का गठन, 2 महिला और 3 पुरुष पार्षद को मिली जगह

# अश्वनी को लोक निर्माण, विनीता को राजस्व विभाग मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी में अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथग्रहण और उपाध्यक्ष निर्वाचन के बाद नगर विकास की गतिविधियां तेजी से प्रारंभ हो गई हैं। नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के नेतृत्व में परिषद की प्रमुख कार्यकारिणी (पीआईसी) का गठन किया गया। इस समिति में 2 महिला पार्षद और 3 पुरुष पार्षद को शामिल किया गया है।

नगर पंचायत में सुचारु प्रशासन और विकास कार्यों को गति देने के लिए पीआईसी सदस्यों को विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोक निर्माण, जल कार्य एवं आवास एवं पर्यावरण समिति सभापति अश्वनी निषाद, चिकित्सा तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति समिति सभापति शंकरलाल देव, पुनर्वास, नियोजन विधि एवं सामान्य प्रशासन समिति सभापति उपाध्यक्ष विकास बोहरा, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण समिति सभापति श्रीमती अलका साव, राजस्व एवं बाजार समिति सभापति श्रीमती विनीता कोठारी बनाए गए हैं।

गौरतलब है कि इस कार्यकारिणी में दो नए पार्षदों और तीन अनुभवी पार्षदों को शामिल किया गया है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में अनुभव और नई ऊर्जा का संतुलन बना रहे।



#### सामाजिक संतुलन का रखा गया है विशेष ध्यान

नपं अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने बताया कि पीआईसी के गठन में सामाजिक समरसता का विशेष ध्यान रखा गया है। इसमें पिछड़ा वर्ग से 2 सदस्य, अनुसूचित जनजाति (एसटी) से 2 सदस्य, सामान्य वर्ग से 1 सदस्य को प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसके अलावा समिति में जोश और अनुभव का बेहतर समायोजन किया गया है ताकि नगर के विकास को नई गति दी जा सके।

#### नगर विकास की नई गाथा लिखने का संकल्प

अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करना है। पीआईसी सदस्य नगर पंचायत के हित में हरसंभव प्रयास करेंगे और नगरी को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण से काम करेंगे। नगरवासियों को अब पीआईसी की सक्रिय भूमिका के तहत नगर में विकास कार्यों में नई ऊर्जा और पारदर्शिता की उम्मीद है।

## आज रंगपंचमी : बसंतोत्सव पर खेली जायेगी फूलों की होली



■ प्राचीन श्रीराम मंदिर में पारंपरिक नगाड़े की थाप पर होगा फाग गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर के हृदय स्थल पर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर परिसर में मंदिर परिवार द्वारा रंगपंचमी पर बुधवार की संध्या 7 बजे से बसन्त उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान पारम्परिक नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए सभी फूलों की होली द्वारा उत्सव की खुशियां मनाकर पर्व की रौनकता में चार चांद लगाएंगे। मंदिर के मंहत अखिलेश वैष्णव ने बताया कि मंदिर देवालय सदा से ही लोक परम्परा एवं उत्सव को सहेजने का केंद्र रहा है। श्रीराम मंदिर में हमेशा ऋतुओं के दो प्रमुख शरद एवं बसंत उत्सव मनाने की परम्परा रही है। इसके तहत बुधवार को शाम 7 बजे से बसंत उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक उत्सव एवं लोक परम्परा में आस्था रखने वाले फाग के रसिकजनों एवं फाग मंडलियों के साथ मिलकर बसंत उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने इस उत्सव में शामिल होने के लिए सभी धर्म प्रदाय के लोगों को आमंत्रित किया है।

## भारतीय किसान संघ ने मनाया होली मिलन

■ राजस्व त्रुटि व किसानों की सुविधाओं को लेकर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



भारतीय किसान संघ जिला धमतरी की बैठक नई कृषि उपज मंडी प्रांगण कुरुद में आयोजित हुई जिसमें धमतरी, भखारा, कुरूद, मगरलोड ब्लॉक के पदाधिकारी की उपस्थिति में किसानों की वर्तमान समस्याओं पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत किसानों का होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से खसरा त्रुटि सुधार के मामले एवं पटवारी का समय पर नहीं मिलना। सब्जी उत्पादक किसानों का शोषण, कृषि उपज मंडी में सारे खर्च का भार किसानों पर डालना, ऑनलाइन किसान पोर्टल में किसानों का रकबा खसरा त्रुटि सुधार के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ किसान पदाधिकारी का सम्मान किया गया। श्रीमती ज्योति साहू प्रदेश महिला प्रमुख एवं नपं अध्यक्ष आमदी, श्रीमती सिंधु बैस, महेश ध्रुव, जनपद सदस्य कुरूद, व्यासनारायण साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू सरपंच जोरातराई को नारियल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के बाद अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को राजस्व मामले के खसरा त्रुटि सुधार एवं पटवारी मुख्यालय में उपस्थिति के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन पाकर एसडीएम नभसिंह कोसले ने तहसीलदार को व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देशित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री दुलार सिंह ने किया। मौके पर जिला संरक्षक ललित सिन्हा, उपाध्यक्ष व्यासनारायण साहू, कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, जिला कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, उत्तम साहू, मंशा साहू, राजकुमार चंद्राकर, ठाकुरराम साहू, जिला विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्यामशंकर चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष हेमेंद्र साहू, अशोक साहू, ओंकार चंद्राकर, संतराम साहू, रामकुमार सिन्हा, बालू सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड टोमन साहू, मुक्ता साहू, वेदराम साहू, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष विनय साहू, गोपाल चंद्राकर, गोपी साहू, परमेश्वर, निर्मला साहू, अंजलि साहू, लखन साहू, कमलेश मारकंडे, रामकुमार सिन्हा, रामस्वरूप साहू सहित अनेक किसान उपस्थित हुए।

## ब्राम्हण समाज सदैव ही सर्व कल्याण की भावना से करता है कार्य

■ तहसील ब्राम्हण समाज के होली मिलन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



तहसील ब्राम्हण समाज कुरुद का होली मिलन कार्यक्रम समाज के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी सद्दनप्रसाद शुक्ला के निवास में हुआ। कार्यक्रम में सामाजिकजनों ने होली मिलन को समरसता, आपसी बंधुत्व और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम के जयघोष और पूजन पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान जिला के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि ब्राम्हण जिला धमतरी के संरक्षकगण राजेंद्र श्रोती, राजेंद्र शर्मा, रामदत्त शुक्ला, जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, महासचिव विनोद पांडेय, उपाध्यक्ष देवकांत द्विवेदी, पूर्व महासचिव भूपेंद्र मिश्रा, राकेश तिवारी, डॉ.प्रदीप शर्मा सहित तहसील एवं जिला के वरिष्ठ सदस्यगण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील ब्राम्हण समाज कुरुद के अध्यक्ष पं. कमलेश तिवारी ने की। जिला प्रतिनिधि हयग्रीवप्रसाद शर्मा ने सामाजिक उन्नति के लिए समाजजनों से उनके संस्कार और कर्तव्यबोध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्राम्हण समाज सदैव ही सर्व कल्याण की भावना लेकर कार्य करता है। हमें समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ इसी सद्भाव के साथ काम करने की आवश्यकता है। पूर्व महासचिव भूपेंद्र मिश्रा, तहसील अध्यक्ष कमलेश तिवारी, जिला महासचिव विनोद पांडेय, जिलाध्यक्ष राकेश दीवान ने भी संबोधित कर सामाजिक एकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर नंदकुमार पांडेय कोषाध्यक्ष, कैलाश शुक्ला उपाध्यक्ष, अतुल तिवारी, डॉ. अशोक शर्मा, आशीष शर्मा, तोरणप्रसाद दुबे, अनिल झा, महिम शुक्ला, आशीष चौबे, ईश्वर पांडेय, नूतन शर्मा, विकाश शर्मा, सौरभ शर्मा, बलराम दीवान, महेश शर्मा, राजू शर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, श्याम वाजपेयी सहित समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सतीश शर्मा एवं आभार व्यक्त लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने दिया।

## पीएमश्री स्कूल अरौद में मधु का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



पीएमश्री प्राथमिक शाला अरौद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान बीएसएफ में चयनित मधु यादव मंदरौद का सम्मान किया गया। उन्होंने अपनी सफलता की कहानी बच्चों को बताई। होली मिलन में बच्चों ने कृष्ण राधा की वेशभूषा में गांव के बुजुर्गों के साथ रहस नृत्य किया। मौके पर टीकम यादव, गुलाब साहू एसएमसी अध्यक्ष, खेलन सेन, पार्वती, झिरम, ललमत, प्रधानपाठिका पुष्पलता यादव, लुकेश्वरी दीवान, यशवंत कंवर, प्रमोद ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे।

## श्रद्धांजलि योजना की राशि दी गई



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी वार्ड क्र. 12 निवासी परस पटौदी की आकस्मिक मृत्यु हो जाने से उनके पुत्र सूरज पटौदी को श्रद्धांजलि योजना की राशि 2000 रुपए दी गई। मौके पर नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षदगण अंबिका ध्रुव, अश्वनी निषाद, राजकुमार पवार मौजूद थे।

## रंग गुलाल से सराबोर हुए जामपानी के ग्रामीण



**नगरी।** ग्राम जामपानी (कसपुर) में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रेम, उल्लास और भेदभाव से रहित इस पर्व में जामपानी के ग्रामीणों में आपसी प्रेमभाव देखने को मिला। ग्रामीणों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। पारंपरिक डंडा नृत्य एवं नगाड़ों की थाप में जमकर थिरके। मौके पर उपसरपंच जीवन कुंजाम, वार्ड सरिता ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य तारिका मरकाम, पंच शशिकला नेताम, निका नेताम, सरोजबाई, बसंती कुंजाम, यशोदाबाई, ईमनी मरकाम, सुरजाबाई, अमेश्वरी कुंजाम, तनुजा नेताम, उत्तम कुंजाम, जितेंद्र नेताम, शांतनु मरकाम, दीपेश नेताम, भूपेंद्र नेताम, दुपेश नेताम, खिलावन कुंजाम, रिंकू, नेमन, किशोर समेत छोटे-छोटे बच्चों ने खूब होली।

## प्लेसमेंट कैम्प आज

**धमतरी।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्टोरेट परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 मार्च को किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस प्लेसमेंट कैम्प में दुर्ग, कांकेर और रायपुर के निजी संस्थानों द्वारा 659 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से चयनित होने वाले जिले के युवाओं को औसतन 10 हजार रूपये मासिक वेतन वाला रोजगार मिल सकेगा। सिक्योरिटी गार्ड, कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर, महिला सुरक्षा गार्ड, सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कारपेंटर, सहायक सुपरवाईजर जैसे पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

## अंचल की खबरें

### जरवायडीह में होली मनाई गई




**जीजामगांव।** जय दुर्गे मानस परिवार जरवायडीह द्वारा बच्चों को कृष्ण राधा सजाकर रासलीला के साथ होली मनाई गई। पूरे गांव में घर- घर जाकर रंग गुलाल लगाकर बड़ों से आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर सरपंच पति चंदूलाल पाल, जय दुर्गे मानस परिवार के अध्यक्ष भागीरथी पटेल, उपाध्यक्ष गिरधर पटेल, सचिव झम्मन पटेल, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र धनकर, दुर्गेश पटेल, दयानंद पटेल, चंद्रकुमार पटेल, डेरहाराम पटेल, ओमेश्वर पाल, पीताम्बर पटेल, कीर्तन देवदास, बैसाखुराम पटेल, बीरसिंग पटेल, अमरसिंह पटेल, विजय देवदास, मनोज पटेल, हिन्छाराम पटेल, लक्की पटेल उपस्थित थे।

### होली पर हुई रंगों की बौछार



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी के साथ अंचल में धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। गुरुवार की रात्रि में बैगा एवं नगर के लोगों द्वारा होलिका की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर गांव की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की गई। शुक्रवार को सुबह से ही बच्चे पिचकारी में रंग भरकर लोगों पर बौछार करते नजर आए। नगाड़ों की थाप पर बच्चे, बूढ़े और जवान झूमते नजर आए। इस रंगों के पर्व में माताओं ने अपने घरों में ठेठरी, खुरमी, सुहारी, कटवा, खारा, मीठा पकवान बनाए जिसकी भीनी भीनी खुशबू आती रही। नगर में लोग एक दूसरे पर गुलाल लगाकर आशीर्वाद एवं बधाई देते नजर आए।

### अंचल के गांवों में होली मनाई गई



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा सहित अंचल के गांव भालूझुलन, सेमरा डी, सेनचुवा, डाही, कान्हारपुरी, भुसरेंगा, चोरभट्टी, बगदेही में रंगों का महापर्व होली पूरी सादगी के साथ मनाया गया। प्रेम, भाईचारे और सबको एक सूत्र में जोड़ने वाले इस त्योहार का उत्साह हर वर्ग में देखते ही बना। होली पर्व की शुरुआत गुरुवार रात में होलिका दहन के साथ शुरू हुई। शुक्रवार को अंचल में जमकर होली खेली गई। सुबह 10 बजे तक युवा, बच्चे, बुजुर्ग के हाथों में रंग गुलाल लेकर सड़क से लेकर चौक-चौराहों पर होली खेलते नजर आये। छोटी उम्र के लोगों ने अपने से बड़ों को गुलाल लगाकर व पैर छूकर आशीर्वाद लिया। डीजे की धुन में बच्चे, युवा वर्ग के लोग नाचते गाते दिखे।

### क्षेत्र में होली का त्योहार हर्षोल्लास से मना



**मगरलोड।** मगरलोड क्षेत्र में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 13 मार्च गुरुवार की रात्रि होलिका दहन किया गया। शुक्रवार को रंगों का महापर्व ब्लॉक मुख्यालय एवं क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ होली मनाई। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड सहित भैंसमुंडी, भरदा, परसवानी, मेघा, अरौद, गिरौद, सौंगा, बेलौदी, कुंडेल, करेली बड़ी, हसदा, खिसोरा, शुक्लाभाटा, आमाचानी, बोड़रा, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, लड़ेर बोरसी, जामली, बेलोरा, डाभा, करेली छोटी, लुगे, छिपली, सोनपैरी आदि गांवों में बच्चे, युवा, पुरुष महिलाओं ने जमकर होली खेली। लोगों ने घरोंघर जाकर अपने मित्रों और शुभचिंतकों को रंग से सराबोर कर प्रेम और समरसता का भाव प्रकट किया। गली मोहल्लों में नगाड़ा से फाग गीत के साथ युवा नाचते रहे। सुबह से दोपहर तक लोग होली त्योहार मनाते रहे। महिलाएं घरों में ठेठरी, खुमरी, बड़ा पूड़ी, गुलाब जामुन, रसमलाई, सेवाई बनाने में व्यस्त रहीं।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम
SANJAY ARTS
सबसे अच्छा काम
फ्लेक्स प्रिंटिंग
फ्लैक्स बेनर, फ्लैक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपैक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग
शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है
LED बोर्ड
ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है
मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर
लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है
रेडियम कटिंग
नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य
CNC राउटर कटिंग
वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम
ACP WORK
भवनों, ऑफिसों, शोरुम, दुकानों आदि में उच्चक्वालीटी ACP कार्य किया जाता है
सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी.मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

## अंचल की खबरें

### बेलरगांव में हर्षोल्लास से मना होली मिलन समारोह



**नगरी।** ग्राम पंचायत बेलरगांव में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी प्रेम व सद्भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में भाईचारे और शांति बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होली खेली और आपसी सौहार्द्र का परिचय दिया। कार्यक्रम में सरपंच रीता नेताम, उपसरपंच मोहनी साहू, जपं नगरी की सदस्य नंदनी साहू, सचिव हरिशंकर साहू, रोजगार सहायक नंदलाल साहू, वार्ड पंच शिवकुमार साहू, गजेंद्र नेताम, संतोष ध्रुव, कैलाशनाथ प्रजापति, अमरसिंह पटेल, लीलांबर साहू, खेमू साहू, हीरालाल देवांगन, संतोष साहू, रमलू कुजाम, सुभाषचंद साहू, टिकेश्वर साहू, टेकराम देवांगन, यतेन्द्र साहू, जगेंद्र प्रजापति, उमेश साहू, गोलू पटेल, तोरण साहू, उदेराम ध्रुव, शत्रुघ्न साहू, हरिराम जुर्री मौजूद थे।

### किसानों ने सीखी बांस की खेती




**धमतरी।** पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस परियोजनातंर्गत बांस की उन्नत कृषि तकनीक विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी में रखा गया। मुख्य अतिथि डॉ. डीपी पटेल वैज्ञानिक इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर ने राष्ट्रीय बांस मिशन परियोजना तथा उससे प्राप्त विभिन्न सुविधाओं पर जानकारी दी। डॉ. आरके प्रजापति ने ऑनलाइन माध्यम से बांस की प्रमुख प्रजाति तथा बांस की खेती के विषय में जानकारी दी। डॉ. ईश्वर सिंह ने बांस की उपयोगिता, महत्व एवं छग में बांस की संभावना के विषय में बताया। मनीषा खापर्डे ने बांस की औद्योगिक उपयोग तथा रख-रखाव पर जानकारी दी। डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी ने पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस परियोजना के उद्देश्य एवं बांस के महत्व के विषय में जानकारी दी। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ.अमित सिन्हा, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष बंजारे, कार्यक्रम सहायक रीतिका ठाकुर एवं कृषकों ने भाग लिया।

### काजल सिन्हा बनीं होली क्वीन



**धमतरी।** लेडीज क्लब के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हास्य व्यंग्य कविता, होली के गीत और चुटकुले भी सदस्यों ने सुनाए। होली क्वीन काजल सिन्हा बनीं मनोरंजक गेम्स में साधना साहू प्रथम व रचना नायडू द्वितीय रही। एक अन्य गेम्स में शुभ्रा गौर प्रथम, लीला शर्मा द्वितीय, डॉ भारती राव तृतीय रही। इस अवसर पर दो नई सदस्य श्रीमती संगीता सिन्हा और अनीता साहू ने लेडीज क्लब की सदस्यता ग्रहण की। लीला शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उषा गुप्ता, डॉ भारती राव, कामिनी कौशिक, मंजू महावर, लीला शर्मा, चंदा शर्मा, आरती कौशिक, शुभ्रा गौर, माधवी शर्मा, नीता रणसिंह, बलजीत आनंद, पूनम सिंह, साधना साहू, काजल सिन्हा, रचना नायडू, सीमा हरदेल, देविका साहू, मंजु सेन, बीना नायडू, संगीता सिन्हा, अनीता साहू, निशा शर्मा, रोशनी शर्मा उपस्थित थे।

- लेडीज क्लब के होली मिलन समारोह में हास्य व्यंग्य कविता, चुटकुले सुनाए गए

### होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व



**धमतरी।** मानस शक्ति केंद्र अंगारा का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण बोड़रा में हुआ। नगाड़ों की थाप पर फागगीत की प्रस्तुति गोपी यादव, संपतराम साहू, पवन देवदास, ताराचंद साहू, शिवराम साहू, बलराम साहू ने दी। अध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकर ने सनातन धर्म एवं संस्कृति में होलिकोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नरसिंह भगवान विष्णु के अवतार हैं। उनके नाम का जाप करने वाले भक्त प्रहलाद हैं। कलयुग रूपी बुराई ही हिरण्यकश्यप है। बीएस कश्यप ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। श्रवण कोसरिया, भगत यादव ने भी अपने विचार रखे। सचिव डॉ हीरासिंह साहू ने शक्ति केंद्र के आर्थिक बजट को पटल पर रखा तत्पश्चात खिलेन्द्र साहू को कार्यकारी कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में मानस शक्ति केंद्र के पुरोधा पुरुष स्व. केआर साहू एवं स्व. गोकुल राम ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डोमन साहू ने आभार व्यक्त किया।

### मुजगहन के ग्रामीणों ने नशामुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प

**धमतरी।** होली पर्व पर ग्राम मुजगहन के धुनादास मंदिर प्रांगण स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में गायत्री परिवार द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम मुजगहन को नशामुक्त गांव बनाने एवं अश्लीलता निवारण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि होली आपसी प्रेम, सद्भावना, भाईचारा एवं समानता का पर्व है। होली हमें अच्छाइयों को ग्रहण करना और बुराइयों का त्याग करना सिखाता है।

### सिंधी सुपर किंग और सिंधी नाइट राइडर के बीच मैच टाई रहा

# सिंधी कैपिटल ने एक रन से जीत दर्ज की





**मिशन ग्राउंड में सिंधी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का रोमांच जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिंधी समाज द्वारा स्थानीय मिशन ग्राउंड में सिंधी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा चल रही है। प्रीमियर लीग के दूसरे दिन कुल तीन मैच खेले गये।

पहला मैच सिंधी कैपिटल विरूद्ध सिंधी टाइटन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सिंधी कैपिटल ने बेटिंग करने का फैसला लिया। सिंधी कैपिटल के बल्लेबाजों ने निर्धारित 10 ओवर में आल आउट होकर महज 74 रन बनाए। टारगेट का पीछा करने उतरी सिंधी टाइटन ने शुरुवात काफी अच्छी की पर ओपनिंग बैट्समैन के विकेट गिरते ही टीम ताश के पत्ते की तरह बिखरते हुए निर्धारित 10 ओवर में 73 रन ही बना पाई। सिंधी कैपिटल की टीम ने एक रन से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच काफी रोमांचित करने वाला रहा। दूसरा मैच सिंधी सुपर किंग विरूद्ध सिंधी नाइट राइडर के बीच खेला गया।सिंधी सुपर किंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 103 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। टारगेट का पीछा कर रही टीम ने शुरुआत में ही तीन विकेट गंवा दिए।

6 ओवर पर 3 विकेट के नुकसान पर महज 37 रन ही रहा। संकट की इस घड़ी में टीम के कप्तान निशित सुखवानी और गौतम वाधवानी पार्टनरशिप कर टीम को जीत की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। एक गेंद पर नाइट राइडर को जीत के लिए दो रनों की जरूरत थी। एक रन लेने के बाद गौतम वाधवानी दूसरा रन लेने के दौरान रन आउट हो गए औ मैच टाई हो गया। दोनों टीमों के बीच अंक बराबर बांटा गया। मिशन मैदान में चल रही प्रतियोगिता में पूज्य सिंधी समाज के मुखी चन्द्रलाल जसवानी, उपाध्यक्ष रामचन्द वाधवानी, अशोक डुम्बनी, पुरुषोत्तम वाशानी, मीडिया प्रभारी राजेश चावला, संतोष तेजवानी, अमर पिंजानी, बंटी वाधवानी , संजू गंगवानी, अमित रमानी सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे।

# केशव प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों ने खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

केशव प्रभात शाखा कुरुद के स्वयंसेवकों ने होली त्योहार के अवसर पर कारगिल चौक में रंग गुलाल और फूलों से होली खेली। इस अवसर पर जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, सेवा प्रमुख डुगेश साहू, मुख्य मार्ग प्रमुख नेमीचंद बैस, खंड व्यवस्था प्रमुख जितेन्द्र चंद्राकर, सामाजिक समरसता प्रमुख शशांक कृदत्त, मिलन मंडली प्रमुख जयप्रकाश साहू, सहजिला शारीरिक प्रमुख पेमेंद्र निर्मलकर, खंड सेवा प्रमुख जितेन्द्र निर्मलकर, बौद्धिक प्रमुख शिशुपाल पटेल, भूषण देवांगन, केशव चंद्राकर, केशव वर्मा, हर्ष निर्मलकर, रोशन ध्रुव, चेतन सेन, टुकेश पदुमवार, कुलेश्वर सिन्हा, अमरसिंह, संतोष चंद्राकर, संतोष सिन्हा, भुनेश्वर साहू, मुकेश निर्मलकर, नंदकुमार ध्रुव, नाहुस कुर्रे, रंजीत साहू, छबिलाल विश्वकर्मा, खिलेंद्र साहू, किशोर यादव, दुर्गेश यादव उपस्थित थे।

# आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की। इसके लिए कई बिन्दुओं पर अपने सुझाव प्रेषित किए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि शहर में लगातार आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। धमतरी में युवाओं को आसानी से नशीला पदार्थ मिल रहा है। सोशल मीडिया पर आपराधिक किस्म के युवाओं द्वारा ग्रुप और वीडियो बनाकर अपराध को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन लोगों पर और उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की जाए।

श्री देवांगन ने आगे कहा कि आदतन और जिलाबदर अपराधी आज शहर में खुलेआम घूम रहे हैं और अपराधिक कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। जिलाबदर अपराधियों को फॉलोअप में लिया जाए। शाम और रात के समय शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में युवा छिपकर नशा करते हैं। उन पर कार्रवाई की जाए। वार्ड के पार्षद व जागरूक लोगों की टीम बनाकर ऐसे कृत्यों पर रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान श्री देवांगन के साथ ऋषभ यादव, पारसमणि साहू, नोमेश सिन्हा, नमन बंजारे, तेजप्रताप साहू, तेजप्रकाश साहू, चंद्रशेखर साहू, आकाश सिन्हा, गजेंद्र साहू, विप्लव रणसिंह, रियांश भोयर मौजूद रहे।

# एक दूसरे को रंग लगाने से भेदभाव दूर होता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धीवर समाज धमतरी परगना द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन धीवर समाज भवन महिमासागर वार्ड में किया गया। मुख्य अतिथि होरीलाल मत्स्यपाल संरक्षक, नर्मदा प्रसाद जगबेड़ा अध्यक्ष, संध्या हिरवानी प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, यशवंत कोसरिया अध्यक्ष प्राथमिक मत्स्य सरकारी समिति थे। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपस में संबंध मधुर करता है। एक दूसरे को प्रेम और सम्मानपूर्वक रंग लगाने से सभी प्रकार के भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। दूरियां मिट जाती है। समाज में सौहार्द्र का वातावरण और अधिक मजबूत होता है। कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद निषाद, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्णा हिरवानी ने कहा कि समाज के आयोजनों से युवाओं एवं महिलाओं की सक्रियता बढ़ी है। सोहन धीवर सचिव ने आगामी कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ओमप्रकाश नाग ने कहा कि होली हमारा सनातन पर्व है। मौके पर शीला धीवर, लक्ष्मी जगबेड़हा, दीया हिरवानी,फिरोज हिरवानी, राजकुमार फूटान, दुर्गेश रिगरी, राजकुमार सारवा, निर्मल फूटान, बलराम हिरवानी, तीरथ फूटान, राजू ओझा, संतोष सार्वा, कोमल सार्वा पार्षद, उर्वशी रिगरी, राखी रिगरी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# गुरुसिंघ सभा से रवाना हुई निःशुल्क यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्री हजूर साहेब नादेड़ और गुरुद्वारा नानक झीराबिदर की निःशुल्क यात्रा छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन रायपुर द्वारा इस वर्ष भी होला महल्ला मनाने निकाली गई। श्रीमती ममता खालसा ने बताया कि 12 से 18 मार्च तक की निःशुल्क यात्रा निकाली गई। यात्रा को धमतरी श्री गुरुसिंघ सभा से रवाना किया गया। यह सराहनीय कार्य रायपुर से दलजीत सिंघ चावला, अरुण छाबड़ा, मोनू सलूजा, गुरमीत सिंघ टोनी, हरपाल सिंघ भामरा, राजिंदर सिंघ होरा, बलविंदर सिंघ लवली के द्वारा किया जाता है। श्री गुरुसिंघ सभा धमतरी के जगजीवन सिंघ सिदधू, हरमिन्दर सिंघ छाबड़ा, जसपाल सिंघ छाबड़ा, शैकी छाबड़ा, प्रिंस छाबड़ा, गिन्नी खालसा, ज्ञानी अरुण एवं ममता खालसा का भी सेवा में योगदान रहता है। ममता द्वारा जाने वाले संगत के नाम लिखकर उन्हें जाने के लिए अग्रसित करने की सेवा की जाती है।

# बाकरा नाला के पास हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सुंदरगंज वार्ड के तेलीपारा के निवासियों ने मंगलवार को निगम पहुंचकर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर बाकरा नाला के पास हुए अतिक्रमण को हटाकर सौंदर्यीकरण करने की मांग की है।



सुंदरगंज वार्ड के निवासियों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

वार्डवासी मो. इरफान खोखर, शब्बीर कुछावा, हुसैन तिगाला, अनीश जाज, सत्तर जाजम, जावेद, अल्ताफ, अशफाक , बलविंदर कौर, भगवती बाई, पुष्पा, लता मानिकपुरी, खैदान, आदिल, आसिफ, रिजवान तिगाला, इरफान तिगाला, अकरम गौड़, अब्बास , असलम आदि ने बताया कि बाकरा नाला के आसपास की जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। नाला के बाजू में ठेला लगा दिया है जो हमेशा बंद रहता है। ठेला के कारण रास्ता बाधित रहता है। वार्डवासियों को आने-जाने में दिक्कतें होती हैं। वार्डवासियों ने आयुक्त से गुजारिश की है कि अतिक्रमणकारियों को हटाकर बाकरा नाला की सफाई करवाई जाए एवं उक्त स्थान का सौंदर्यीकरण किया जाए ताकि वार्डवासियों को अच्छा माहौल मिल सके।

# कौहाबाहरा में शहीद निर्मल को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कौहाबाहरा में शहीद निर्मल कुमार नेताम का 8वां शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर जिपं सदस्य अजय ध्रुव, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, जनपद सदस्य शुभम यदु, पूर्व सरपंच कौहाबाहरा शिवा नेताम, कोलियारी सरपंच मोनिका मंडावी, बंशीलाल सोरी पूर्व जनपद सदस्य, कौहाबाहरा दुगली थाना प्रभारी टुम्मनलाल डडसेना, आदिवासी समाज प्रमुख मयाराम नागवंशी, सुरेंद्रराज ध्रुव, श्यामाचरण मंडावी, आशाराम ओटी, भोज सोनवानी, वरूणदेव नेताम, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम, चम्मन सोरी एवं शहीद निर्मल नेताम के परिवारजन उपस्थित थे।



### असमंजस में रहे छात्र, शिक्षक भी होते रहे परेशान

# पांचवीं और आठवीं के प्रश्नपत्र में ढेरों त्रुटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पांचवीं और आठवीं की परीक्षा में गड़बड़ी ही गड़बड़ी सामने आ रही है। प्रश्नपत्र में त्रुटियां तो थी ही साथ ही लागत कम करने के नाम पर गणित के पेपर में रफ कार्य के लिए भी पेज नहीं दिया गया। उधर प्रश्नपत्र की त्रुटि को लेकर शिक्षक भी परेशान थे। वे लगातार अधिकारियों को फोन करते रहे, लेकिन अंत तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सोमवार से पांचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षा शुरू हुई। इस परीक्षा में प्रश्नपत्र और आंसरशीट में एक में दी गई है। उपर प्रश्न प्रिंट किया गया है। नीचे छात्रों को आंसर लिखना है। पहले दिन पांचवीं कक्षा का गणित का पेपर हुआ। इसमें भी कई प्रकार की खामियां मिली। 14वें नम्बर के प्रश्न का उत्तर क्या लिखना था, इसका उल्लेख ही नहीं था। ऐसे में छात्र असमंजस में थे। दूसरे दिन कक्षा 8 वीं का गणित पेपर हुआ। इसमें प्रश्नपत्र प्रिंट करने के वाले में प्रश्नपत्र के पेजों को गलत लगा दिया था। प्रश्न क्रमांक 16 बीच पेज में था। जबकि इसके उत्तर के लिए जगह दूसरे पेज में दी गई थी। जहां पर प्रश्न क्रमांक 16 प्रिंट था, उसके नीचे उत्तर लिखने के लिए जगह ही नहीं था। सीधे आब्जेक्टिव प्रश्न प्रिंट कर दिया था। पूरा पेपर कंफ्यूजन से भरा था। उल्लेखनीय है कि 12 साल बाद पांचवीं आठवीं की परीक्षा हो रही है। ऐसे में इस परीक्षा में पूरी सावधानी बरती जानी थी, ताकि छात्रों को परीक्षा के दौरान कोई तकलीफ न हो लेकिन ठीक इसके विपरीत परीक्षा में घोर लापरवाही बरती जा रही है।



**जिले में 1581 परीक्षा केंद्र बनाए**

जिले में 1581 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षकों ने बताया कि गणित के पेपर में रफ कार्य के लिए अलग से जगह दी जाती है। जिला स्तर पर प्रश्नपत्रों को तैयार किया गया। प्रश्नपत्रों की छपाई की लागत कम करने के लिए रफ कार्य के लिए जगह नहीं दी गई थी। शिकायत करने पर अधिकारियों ने छात्रों को अलग से एक एक पेज बांटने का निर्देश दिया। उधर प्रश्नपत्र की त्रुटि के समाधान के लिए भी शिक्षक लगातार फोन लगाते रहे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**बड़ी त्रुटि नहीं**

प्रश्नपत्र छापने में त्रुटि नहीं हुई है। बस प्रश्नपत्र के पेजों को सेट करने के दौरान चूक हो गई है। इस समस्या को तत्काल दूर कर लिया गया। शिक्षकों को गाइडलाइन देकर उत्तर लिखने का तरीका बता दिया गया था। छात्रों को भी प्रश्नों को हल करने में परेशानी नहीं हुई।

- टीआर जगदल्ले,
*जिला शिक्षाधिकारी*

### आठवीं पास युवाओं को मिलेगी सिक्युरिटी गार्ड की ट्रेनिंग

**धमतरी।** जिले के 8वीं पास युवकों को अनआर्मड सिक्युरिटी गार्ड की ट्रेनिंग मिलेगी। यह प्रशिक्षण 160 घंटे का होगा। इसके लिए जिले के युवाओं से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में 24 मार्च तक आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक जमा किया जा सकता है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत दिए जाने वाले इस प्रशिक्षण के लिए आवेदक को शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ ही आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज संस्था में स्वयं उपस्थित होकर जमा करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के बाद स्थानीय स्तर पर नियोजन भी कराया जाएगा।

## अंचल की खबरें

### कलेक्टर मिश्रा से कांग्रेसियों ने की मुलाकात



**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना और पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया।

### भाजपा के होली मिलन में शामिल हुए महापौर



**धमतरी।** मकई गार्डन में भाजपा शहर मंडल व्दारा होली मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर रामू रोहरा ने कार्यकर्ताओं संग होली खेली। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि शहर मंडल के कार्यकाल में ही भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा के साथ निगम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पार्टी में दायित्व भले ही बदलता है लेकिन हमारा उद्देश्य सेवा करना है और उसी उद्देश्य को लेकर हमें चलना है।

### कोसरिया यादव समाज ने मनाया होली पर्व



**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज का होली मिलन कार्यक्रम सामाजिक भवन आमातालाब धमतरी में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर नगर इकाई अध्यक्ष रामेश्वर यादव, सचिव यशवंत यादव, उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष कुंडेश्वर यादव, संरक्षक यशवंत यादव, हंसुलाल यादव, बंशीलाल यादव, श्रीमती संतोषी यादव, सुरेखा यादव, नंदकिशोर यादव, पवन यादव, महादेव यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### छग टीचर्स एसोसिएशन कलेक्टर से मिला




**धमतरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकर के नेतृत्व में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिले में शिक्षा की बेहतरी के लिए शिक्षकों द्वारा तन-मन-धन से एवं पूरे मनोवेग से कार्य किया जाता है। परिणामस्वरुप परीक्षा परिणाम बेहतर आ रहा है। मौके पर सविता छाटा, बिंदु ध्रुव, शिप्रा शर्मा, परविंदर कौर गिल, बलराम तारम, डॉ गणेश प्रसाद साहू, डॉ. आशीष नायक, कैलाशप्रसाद साहू, गेवाराम नेताम, हरीश कुमार साहू, शीतल नायक, फनेंद्र शांडिल्य, देवकुमार यादव, लीलाराम साहू, कुलेश्वर प्रसाद साहू, मुरारीलाल साहू उपस्थित थे।

### विप्र विद्वत परिषद ने खेली होली



**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन कार्यक्रम विप्र परिषद भवन महिमासागर वार्ड में हुआ। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने नगाड़ों की थाप के साथ फाग गीत की प्रस्तुति दी। परिषद के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। कार्यक्रम में पंडित अशोक कुमार शास्त्री, होमन प्रसाद शास्त्री, महेश शास्त्री, घनश्याम द्विवेदी, सचिव पंडित अयोध्या पाण्डेय, कोषाध्यक्ष राजकुमार तिवारी, खेमराज तिवारी, महेन्द्र तिवारी, राजा तिवारी, भूषण तिवारी, अरुण उपाध्याय, दीनानाथ पाण्डेय, नरेशधर दीवान, चिरागधर दीवान, आलोक त्रिपाठी, श्रीकांत तिवारी, आलोक दुबे, भूषण मिश्रा, राजेश दुबे, लक्ष उपाध्याय सहित परिषद के सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

### जिपं सदस्य मोनिका ने बांटी होली पर्व की खुशियां



**धमतरी।** ग्राम हरफतराई में होला का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर होली की खुशियां बांटने जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ऋषभ देवांगन एवं भाजपा नेता आनंद स्वरूप मेश्राम हरफतराई पहुंचे। उनके पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने शाल और श्रीफल भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद वे श्रीमती भूमिका महेश कोर्राम के निज निवास पहुंचे और होली की मिठाई खिलाई। इस दौरान शंकरदाह सरपंच श्रीमती रमी गौतम, पंचगण व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिलामंत्री रामचंद्र देवांगन समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना

- दो दिन बाद तापमान में दो से तीन डिग्री की हो सकती है गिरावट

**धमतरी।** मार्च माह में ही तापमान का पारा 38 से पार हो गया है। लोगों को गर्मी अभी से हलाकान करने लगी है। राहत की खबर यह है कि आगामी दिनों में तापमान में गिरावट आएगी तथा गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका मध्य छत्तीसगढ़ से उत्तरी आंतरिक कर्नाटक तक समुद्रतल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। एक पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण के रूप में दक्षिण पूर्व ईरान तथा उसके आसपास समुद्रतल से 3.1 किमी से 9.6 किमी ऊपर मौजूद है। इसके प्रभाव से बुधवार तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद आने वाले तीन दिनों में दो से तीन डिग्री तापमान में गिरावट आने की संभावना है। बताया गया है कि प्रदेश में 19 से 22 मार्च तक एक दो स्थानों पर मेघगर्जन की गतिविधियां तथा हल्की वर्षा हो सकती है।

---

ग्राम मड़ेली की घटना, लकड़ी के बत्ते से 2-3 बार किया था वार

# सिर पर डंडा मारकर की युवक की हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में सिर पर डंडा मारकर एक युवक की हत्या की गई। इस घटना में पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी धनेश्वर साहू पिता प्रभुराम निवासी मड़ेली ने 16 मार्च को चौकी बिरेझर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 मार्च की दोपहर करीबन 11 बजे वह अपने दोस्तों गजेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, डूम्मु यादव के साथ गजेन्द्र की मोटर साइकिल से घूमने के लिए भाठापारा मड़ेली की तरफ गया था। भाठापारा मड़ेली के पास स्थित गौठान किनारे मोटरसाइकिल खड़ी कर चारों गौठान के अंदर गए, जहां भाठापारा मड़ेली निवासी चेतन साहू अपने साथियों के साथ बैठा हुआ था। वहां गजेन्द्र का चेतन के साथ सामान्य बात को लेकर विवाद हुआ। चेतन साहू व उसके साथी वहां से भाग गए। वे चारों गौठान से बाहर निकलकर रोड की तरफ जा रहे थे तभी चेतन साहू के परिवार वाले चंदू साहू, द्वारिका साहू, चन्द्रिका साहू, खुशबू साहू, तारिणी साहू डण्डा लेकर आए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। प्रार्थी के साथ मारपीट होते देख उनका साथी गजेन्द्र साहू उर्फ बिट्टू बीच बचाव करने आ रहा था तभी पीछे से चेतन साहू लकड़ी



का बत्ता लेकर दौड़ते हुए आया और गजेन्द्र साहू के सिर पर 2-3 बार वार किया। जिससे गजेन्द्र साहू जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। प्रार्थी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। मारपीट की बात सुनकर गजेन्द्र का भाई गिजेन्द्र साहू एवं प्रार्थी का भाई डेमन साहू, भुनेश्वर साहू व अन्य लोग आ गए। गजेन्द्र बिट्टू को बेहोशी हालत में इलाज के लिए कुरूद अस्पताल ले गए थे। जहां से रिफर करने पर मेकाहारा अस्पताल रायपुर ले गए। जहां रात्रि करीबन 9 बजे गजेन्द्र साहू उर्फ बिट्टू की मौत हो गई।

रिपोर्ट पर चौकी बिरेझर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुट गई। चेतन साहू का मेमो. कथन लिया गया। जिसमें उन्होंने परिवार के अन्य लोग चंदू साहू, द्वारिका साहू, चन्द्रिका साहू, खुशबू साहू, तारिणी साहू के साथ मिलकर धनेश्वर को मारपीट की। आरोपी चेतन साहू ने गजेन्द्र उर्फ बिट्टू साहू के सिर पर लकड़ी के बत्ते से 2-3 बार सिर में वार किया। इससे गजेन्द्र की मौत हो गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सामान को जप्त कर लिया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा- 296,115 (2), 351 (2),191 (2), 191 (3) ,103 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**घटना में ये रहे शामिल**

इस घटना में चेतन साहू पिता बाहराराम साहू उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मड़ेली चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी छग। चन्दूराम साहू पिता रामकिशुन साहू उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मड़ेली, चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी छग। द्वारिकाराम साहू पिता रामकिशुन साहू उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम मड़ेली चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी छग। खुशबू साहू पति चेतन साहू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मड़ेली चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी छग। चन्द्रिका साहू पति बाहराराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मड़ेली चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी छग। तारिणी साहू पति खुमान साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मड़ेली चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी छग शामिल रहे।

---

## राजमिस्त्री पेटी ठेकेदार संघ ने महापौर से मांगा भवन



- 24 साल के बाद भी संघ को नहीं मिला स्वयं भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राजमिस्त्री पेटी ठेकेदार श्रमिक संघ ने मंगलवार को महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर संघ के लिए भवन आवंटित करने की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष तिलक देवांगन, उपाध्यक्ष चंद्रहास यादव, सचिव बंशीलाल साहू, सदस्यगण संतोष पटेल, रूपेश देवांगन, कृष्ण साहू, मोहन ध्रुव, राजेन्द्र साहू, मनोज देवांगन, बृजलाल साहू, सूरजभान यादव, कृष्णाराम ने महापौर को बताया कि संघ का गठन हुए 24 वर्ष हो गए हैं। वर्तमान में संघ में 300 सदस्य हैं। संघ की बैठक व अन्य कार्यक्रमों के संचालन के लिए भवन का अभाव है। मासिक बैठक और अन्य गतिविधियां खुले आसमान के नीचे मैदान, गार्डन में होती है। जिले के नगरी, कुरूद, मगरलोड, भखारा, आमदी में संगठन के लिए भवन दिया गया है। धमतरी ब्लाक के सदस्यों को भवन अभी तक नहीं मिला है। उन्होंने महापौर से जल्द भवन दिलाने की मांग की है। सदस्यों की मांग पर महापौर ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## किसान पंचायत में शामिल होंगे राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत

- आज गांधी मैदान में होगी किसानों की पंचायत

**धमतरी।** गैर राजनीतिक संगठन किसान यूनियन छग के तत्वावधान में आयोजित किसान पंचायत में राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत शामिल होंगे। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई है। किसान यूनियन छग के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू सहित पदाधिकारी महावीर साहू, प्रफुल्लकुमार साहू, सुदर्शनसिंह ठाकुर, रामनिहोरा निषाद ने बताया कि कचहरी चौक धमतरी स्थित गांधी मैदान में बुधवार को किसान पंचायत का आयोजन किया गया है। किसान पंचायत की प्रमुख मांगें सभी फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य कानूनी गारंटी, जीवनदायिनी महानदी से रेत उत्खनन बंद कर गिरते जलस्तर एवं पर्यावरण बचाने, केंद्र सरकार के समर्थन मूल्य में 117 रूपए की बढ़ोतरी को धान की अंतर राशि 3100 से 3217 रूपए करने, खुले बाजार में रासायनिक खाद को बेतहाशा कीमत पर बेचने एवं नकली खाद, अमानक दवाईयों पर प्रतिबंध लगाने की है। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों के समर्थन में बुधवार को राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत किसान पंचायत में शामिल होंगे। किसान यूनियन ने क्षेत्र के किसानों से किसान पंचायत में शामिल होने की अपील की है।

### सर्व हिन्दू समाज का होली मिलन कल

**धमतरी।** सर्व हिन्दू समाज धमतरी का होली मिलन कार्यक्रम 20 मार्च को शाम 4 बजे मठ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया है जिसमें सभी समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को 10-10 की संख्या में आमंत्रित किया गया है। सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष दीपक लखोटिया ने सभी समाजजनों को होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों के साथ रंग-गुलाल लगाने की परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। सभी सदस्यों के वाहन की पार्किंग पीयूष बुक डिपो के बगल में की गई है।

## गोलबाजार के पास चाकू लहराते आरोपी गिरफ्तार

- गोलबाजार में चाकू लहराने की यह दूसरी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गोलबाजार के पीछे आमापारा में धारदार चाकू लहरा रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गोलबाजार में चाकू लहराने की यह दूसरी घटना है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी चाकूबाजों का आतंक नहीं थम रहा है। कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गोलबाजार व गौरवपथ में चाकू लहराते दो चाकूबाजों को गिरफ्तार किया था।

वहीं मंगलवार को भी एक युवक को गोलबाजार के पास व आमापारा में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराते धमकाते पकड़ा गया। गोलबाजार जैसी भीड़भाड़ वाली जगह व शहर के अन्य स्थानों पर इस तरह खुलेआम चाकू लहराने की लगातार हो रही घटनाओं से लोग भयभीत हो रहे हैं। पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली पुलिस मुखबीर की सूचना पर गोलबाजार के पीछे आमापारा पहुंची।

यहां बैगा होटल के पास एक युवक हाथ में धारदार चाकू रखकर लहरा रहा था। आने-जाने वाले लोग भयभीत हो रहे थे। पेट्रोलिंग टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ उसके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। पूछताछ में चाकूबाज ने अपना नाम दीपक साहू पिता गिरधारी उम्र 29 वर्ष निवासी श्रीराम चौक जालमपुर वार्ड बताया। पुलिस ने आरोपी दीपक साहू को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## पंचायत सचिव अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीयकरण की मांग को लेकर जिले के ग्राम पंचायत सचिव 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेश स्तरीय आव्हान पर ग्राम पंचायत सचिवों की 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई है। सभी ब्लॉक मुख्यालय में धरना शुरू हो गया है। धमतरी ब्लॉक के सचिव गांधी मैदान में धरने पर बैठ गए हैं। सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में सचिवों को शासकीयकरण का वादा किया गया था। 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इसके बाद समय-समय पर मुख्यमंत्री, सांसद के अलावा अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर प्रतिवेदन दिया गया था। बजट सत्र के दौरान भी सरकार द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने के कारण सचिव क्षुब्ध व आक्रोशित हैं। 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल और 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि हड़ताल से ग्रामीण स्तर पर होने वाले कार्य जैसे पेंशन भुगतान, आवास सर्वे, नवविवाहितों को प्रमाण-पत्र जैसे कार्य रूक जाएंगे। अभी धमतरी पंचायत में लगभग 8 जगह सरपंचों का प्रभार भी नहीं हुआ है।

हड़ताल में भूपेश कुमार सिन्हा, अशोक कुमार साहू, भिनेश्वरी साहू, अभिषेक तिवारी, चुनू राम ध्रुव, चंद्रहास नेताम, धनेश्वरी नेताम, पूर्णिमा साहू, दीपक नेताम, दशवंश ध्रुव, ध्रुवदास बघेल, डिगेश्वरी निषाद, गजेन्द्र कुमार नेताम, गिरवर साहू, गुप्तेश्वर साहू, घनश्याम साहू, गिरिजा चंदेल, हेमंत कुमार साहू, हरीशचंद्र चंद्राकर, होरी लाल साहू, जीवन लाल साहू, खेमलता साहू, कृष्णकुमार साहू, खेमिन साहू सहित पंचायत के सचिव शामिल हुए।

## जल सभापति ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण



- अधिकारियों को पानी की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

निगम में भाजपा की सरकार आते ही टीम सक्रिय हो गई है। एमआईसी गठन के बाद जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने मंगलवार को फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया एवं प्लांट की कार्यप्रणाली को समझकर पानी की साफ-सफाई व गुणवत्ता बनाए रखने निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्री सोनकर ने अधिकारियों से कहा कि चेम्बरों की रेग्युलर सफाई पर विशेष ध्यान दें। प्लांट में गंदगी, अव्यवस्था किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगी। प्लांट की स्वच्छता ही जल की शुद्धता की पहचान है। इसे हर हाल में बनाए रखना होगा। उन्होंने पानी की शुद्धता, क्लोरीनेशन प्रक्रिया, पाइललाइन की स्थिति, जल आपूर्ति तंत्र की समीक्षा की। आगे कहा कि पानी की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जल शुद्धिकरण और जल आपूर्ति तंत्र की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। किसी भी समस्या की सूचना अधिकारियों तक पहुंचाई जाए तथा तत्काल समाधान किया जाए। मंगलवार को श्री सोनकर सोरिदवार्ड के भ्रमण के दौरान डिपोपारा अटल आवास पहुंचे, जहां उन्होंने वार्डवासियों से चर्चा की। लोगों ने पानी की समस्या से अवगत कराया, जिस पर श्री सोनकर ने अधिकारियों को समस्या का निदान करने के निर्देश दिए।

## पोस्ट आफिस वार्ड में जिम खोलने की मांग



- अवैध कब्जा को हटाकर शासकीय भूमि का बोर्ड लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पोस्ट आफिस वार्ड की पार्षद चंद्रभागा साहू, वार्डवासी यश यादव, राज चौहान, नवीन चंद्राकर, अवि चौहान, चंद्रहास यादव, आलोक जगताप, टिकेश्वर पटेल, राजेश सोनी, सुशांत मंडावी, लक्की राव ने मंगलवार को निगम कार्यालय में महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर वार्ड में व्यायाम शाला खोलने की मांग की है। जिस पर महापौर ने अ ति शी घ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दि या । वार्डवासियों ने महापौर को बताया कि वार्ड में स्वास्थ्य विभाग की शासकीय भूमि है। इसके पूर्व में एक डॉक्टर दंपति, पश्चिम में सड़क, तुलजा भवानी मंदिर है। उत्तर एवं दक्षिण दिशा में शासकीय क्वार्टर है जिसे एक डॉक्टर दंपति ने अवैध रूप से कब्जा कर छः माह पूर्व तार से घेरा करवा दिया है। अवैध कब्जे को तत्काल हटवाकर इसे शासकीय भूमि घोषित की जाए एवं बोर्ड लगवाया जाए। उक्त स्थान पर शहरवासियों के लिए व्यायाम शाला खोला जाए ताकि इसका फायदा शहरवासी को मिल सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020